मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः07.06.2026

थाना अदलहाट पुलिस द्वारा सुनसान स्थान पर खड़े वाहनों में लगी बैटरी तथा वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, कबाड़ व्यवसायी सहित गैंग के 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की एक अदद पिकअप, 24 अदद बैटरी एवं चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त आला नकब बरामद —

थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर पर दिनांकः04.05.2026 को वादी अखिलेश कुमार सिंह पुत्र स्व0लालचन्द्र सिंह निवासी नेवादा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरूद्ध नेवादा स्थित भूसा गोदाम के बाहर खड़ी पिकअप वाहन संख्या UP65CT3523 के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-98/2026 धारा 303(2),324(4) बीएनएस तथा दिनांकः03.06.2026 को वादी अनिल कुमार जायसवाल पुत्र स्व0पक्कू राम निवासी रमना लंका काशी(कमिश्नरेट वाराणसी) द्वारा वाहन संख्याःUP64AT9590 गैरेज मे इंजन मरम्मत कार्य से खड़ी थी कि रात्रि में अज्ञात द्वारा 02 बैटरी चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-134/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी के माल की बरामदगी कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक अदलहाट को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अदलहाट पुलिस टीम द्वारा घटना के अनावरण हेतु भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए दिनांकः06.06.2026 को थाना अदलहाट पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर पचगेडा पुलिया के पास से पिकअप सवार मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों 1.बसन्त बिन्द पुत्र दीपू बिन्द निवासी राजपूर आमघाट थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर, 2.दीपक बिन्द पुत्र गुड्डू बिन्द निवासी ग्राम खेदन का पुरा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, 3.महेश बिन्द पुत्र राजेश बिन्द निवासी ग्राम खदन कै पुरा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर व 4.अजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा निवासी चौक बाजार कस्बा अहरौरा थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को चोरी की एक अदद पिकअप वाहन व चोरी की ट्रक की एक अदद बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो की निशानदेही पर पूर्व में चोरी की गयी 23 अदद भिन्न-भिन्न कम्पनियों बैटरी को अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत स्थित अजय विश्वकर्मा उपरोक्त की कबाड़ की दुकान से बरामद किया गया, इस प्रकार चोरी की कुल 24 अदद बैटरी बरामद हुई। थाना अदलहाट पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं में संलिप्त अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है तथा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है ।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों का एक संगठित गैंग है जो अहरौरा व अदलहाट थाना क्षेत्र के सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों तथा उनकी बैटरी को चोरी करने का काम करता है। वाहनों तथा उनसे चोरी की बैटरी को हम लोग अहरौरा में स्थित अजय विश्वकर्मा की कबाड़ की दुकान में बेच देते है तथा प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.बसन्त बिन्द पुत्र दीपू बिन्द निवासी राजपूर आमघाट थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-20 वर्ष।

2.दीपक बिन्द पुत्र गुड्डू बिन्द निवासी ग्राम खेदन का पुरा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-22 वर्ष।

3.महेश बिन्द पुत्र राजेश बिन्द निवासी ग्राम खदन कै पुरा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-21 वर्ष।

4.अजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र राजकुमार निवासी चौक बाजार कस्बा अहरौरा थाना अहरौरा, मीरजापुर, उम्र करीब-24 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

- चोरी की एक अदद पिकअप वाहन चेचिस नं0 MAT478012D9C09086 व इंजन नं0 497SP38CWY616705.
- चोरी की 24 अदद भिन्न भिन्न कम्पनियों की बैटरी।
- चोरी की घटना में प्रयुक्त एक अदद लोहे की रॉड कैचीदार व दो अदद रिंच।

आपराधिक इतिहास —

a.अभि0बसन्त बिन्द उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0-357/2025 धारा 137(2),351(3),352,62,65(1)बीएनएस,16/17/18 व 3/4 पॉस्को एक्ट थाना अदलहाट मीरजापुर।

2.मु0अ0सं0-98/2026 धारा 303(2),324(4),317(2) बीएनएस थाना अदलहाट मीरजापुर।

b.अभि0दीपक बिन्द उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0-42/2025 धारा 305,305(E) 317(2),317(4) बीएनएस थाना चन्दौली जनपद चन्दौली।

2.मु0अ0सं0-348/2025धारा 305(a), 331(4),317(4),317(2)बीएनएस थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

3.मु0अ0सं0-77/25 धारा 115(2),351(3),352 बीएनएस थाना अदलहाट मीरजापुर।

4.मु0अ0स0-134/26 धारा 303(2),317(2),317(4) बीएनएस थाना अदलहाट मीरजापुर।

c.अभि0महेश बिन्द उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0-357/2025 धारा 137(2),351(3),352,62,65(1) बीएनएस, 16/17/18 व 3/4 पास्को एक्ट थाना अदलहाट मीरजापुर।

2.मु0अ0सं0-98/2026 धारा 303(2),324(4),317(2) बीएनएस थाना अदलहाट मीरजापुर।

3.मु0अ0सं0-134/26 धारा 303(2),317(2),317(4) बीएनएस थाना अदलहाट मीरजापुर।

d.अभि0अजय कुमार विश्वकर्मा उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0-134/2026 धारा 303(2),317(2),317(4) बीएनएस थाना अदलहाट मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

निरीक्षक अजय कुमार सेठ, प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट, जनपद मीरजापुर।
उपनिरीक्षक विजय कुमार सिंह, अभयनारायण सिंह, हंसलाल व अरुण कुमार यादव, थाना अदलहाट, मीरजापुर।
मुख्य आरक्षी विजयदीप सिंह, आरक्षी अजय सिंह व रिक्रूट आरक्षी आदर्श सिंह, थाना अदलहाट, मीरजापुर।

****